'सीईबीआईटी २०११' में इंदौर के युवा आईटी लेंगे हिस्सा

इंदौर। आज आईटी क्षेत्र में भारतीय युवा अपनी प्रतिभा को साबित कर दुनिया के कोने-कोने में उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहे हैं। भारत के आईटी उद्यमियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए देश का नाम रोशन किया है और इस क्षेत्र में अपना योगदान देने में इंदौर शहर के युवा भी पीछे नहीं है। शहर के आईटी क्षेत्र के युवा उद्यमी अभिषेक पारीक, अमित अग्रवाल व कुलदीप कुंडल अपनी सफलता का परचम फैलाते हुए 'जर्मनी के हेनओवर शहर में १ से ५ मार्च २०११ तक होने वाले विश्व के सबसे बड़े ट्रेड फेयर 'सीईबीआईटी ग्लोबल कॉन्फ्रेंसेस २०११' में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं।



विश्व के सबसे बड़े ट्रेड फेयर सीईबीआईटी २०११ में हिस्सा लेने जा रहे सीआईएस के सह-संस्थापक व निदेशक अभिषेक पारीक ने बताया- ''आईसीटी, टेलीकम्युनिकेशन, डिजिटल मीडिया व कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर आधारित विश्व का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर 'सीईबीआईटी' उद्योगों के वर्तमान ट्रेंड्स, नेटवर्किंग व प्रोडक्ट प्रेजेन्टेशन के लिए अंतरर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है जिसमें इस साल करीब ५ हजार प्रदर्शक हिस्सा लेने जा रहे हैं। भारत में तकनीकी आउटसोर्सिंग की दुनिया में अग्रणी होने के नाते, सीआईएस को अपनी प्रतिभा दिखाने, सीखने और अपने नेटवर्क का विस्तार करने का मौका मिलेगा। वहीं, दुनियाभर के जानेमाने विशेषज्ञों के विचार, ज्ञान और अनुभव का लाभ लेने का सुनहरा अवसर है।''